मास्टर ऑफ़ कॉमर्स (इन बिज़नेस पॉलिसी एंड कॉर्पोरेट गवर्नेंस) [M.COM (BP & CG)]

सत्रीय कार्य
2025—2026

सहयोगी कार्यक्रम

(आई. सी. एस. आई)

(ICSI)

एम. सी.ओ-01 (MCO-01), एम. सी. ओ-03 (MCO-03), आई. बी. ओ-01 (IBO-01),
आई. बी. ओ-06 (IBO-06), एम. सी. ओ-05 (MCO-05)

जुलाई 2025 तथा जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के लिए

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68

सत्रीय कार्य – 2025–2026

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2025 और जनवरी 2026)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।

2. जो **जनवरी 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2026** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	**एम. सी. ओ. -01**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	**संगठन सिद्धांत और व्यवहार**
स्त्रीय कार्य का कोड	:	**एम. सी. ओ. -01/टी. एम. ए./ 2025-2026**
खण्डों की संख्या	:	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. संगठनात्मक संस्कृति से आप क्या समझते है? संगठनात्मक संस्कृति की मुख्य विशेषताओं के सम्बन्ध में विवेचन कीजिये। **(10)**

2. प्रबंधकों के विभिन्न कार्यों और भूमिकाओं की व्याख्या कीजिए। संगठन की कार्यकुशलता को बढ़ाने में इनका क्या उपयोग है? **(10)**

3. संप्रेषण से आप क्या समझते है? अच्छे संप्रेषण के सिद्धांतों की व्याख्या करें। **(10)**

4. अभिवृत्ति को परिभाषित करें। इसके कार्य क्या हैं? अभिवृत्ति के निर्माण की प्रक्रिया को संक्षेप में समझाइए। **(10)**

5. **निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए:** **(4X5)**

क) 'दबाव के सकारात्मक तथा नकारात्मक परिणाम होते हैं। नकारात्मक परिणामों के संगठन के तंत्रो पर विपरीत प्रभाव तो पड़ते ही हैं परन्तु साथ ही साथ जैविक, मनोवैज्ञानिक और व्यवहारात्मक पद्तियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ते हैं'

ख) 'आजकल संगठन अत्यंत गतिशील और परिवर्तनीय पर्यावरण में काम करते हैं'

ग) 'जॉब पुनः इंजीनियरी के संदर्भ में विभिन्न पर्यावरणी कारकों के सम्बन्ध में विचार किया जाता है'

घ) 'व्यक्तित्व का विकास विभिन्न चरणों में होता है और इस विकास को अनेक कारक प्रभावित करते हैं'

6. **निम्नलखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए:** **(4X5)**

क) क्लासिकी और नव-क्लासिकी प्रबंधन

ख) क्लासिकी अनुकूलन और क्रियान्वयन अनुकूलन

ग) नेतृत्व का एकतंत्रीय ढंग और लोकतंत्रीय ढंग

घ) स्वास्थ्य विकतान कारक और अभिप्रेरक

7. **निम्नलिखित व्यक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए:** **(4X5)**

क) अधिकार का प्रत्यायोजन

ख) गुणारोपण का सिद्धांत

ग) व्यक्तिगत दृष्टिकोण

घ) सामाजिक सवैरचार